कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–4, अप्रैल 2014

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु पेंट्स ने मार्केटिंग टीम को दिया तकनीकी प्रशिक्षण




सजावटी पेंट सेग्मेंट में भारत की सबसे तेजी से उभरती हुई कंपनी कामधेनु पेंट्स गुणवत्ता और उत्कृष्टता की पहचान बन चुकी है। हर उपभोक्ता वर्ग और अलग–अलग तरह की बाज़ार जरूरत के मुताबिक सबसे अधिक रेंज के बेहतरीन सजावटी पेंट उत्पादों को बाज़ार में पेश करने वाली कंपनी के रूप में कामधेनु पेंट्स को सभी लोग स्वीकार करने लगे हैं। कामधेनु पेंट्स उत्पादों को बाजार में और और भी बेहतर तरीके से रखने के उद्देश्य से कंपनी ने हाल ही में देश भर के अपने सभी मार्केटिंग स्टॉफ के कौशल विकास की खातिर दो दिन के तकनीकी सत्र का आयोजन किया।

3 और 4 अप्रैल 2014 को कंपनी के भिवाडी स्थित फैक्ट्री में आयोजित इस तकनीकी सत्र में देश भर से पेंट डिविजन के करीब 200 मार्केटिंग कर्मचारी उपस्थित हुये। इस तकनीकी सत्र का मुख्य उद्देश्य था कामधेनु पेंट्स के नये आ रहे उत्पादों के बारे में मार्केटिंग टीम को जानकारी देना। साथ ही सही तरीके से पेंट उत्पाद का उपयोग करने की विधि को दिखा कर सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना भी इस तकनीकी सत्र का मकसद था, क्योंकि पेंट उद्योग में सही प्रयोग करने की कला बहुत महत्व रखती है। श्री ए आर बनर्जी, वीपी टेकनीकल ने श्री अंकन गुप्ता तथा श्री एस के गुप्ता के सहयोग से इस दो–दिवसीय तकनीकी व सेल्स सत्र का संचालन किया।

तकनीकी सत्र के समापन के बाद 4 अप्रैल की शाम मनोरंजन से भरपूर अवार्ड समारोह का आयेजन किया गया। फॉर्चून पार्क ऑरेंज, भिवाडी में आयोजित इस अवार्ड समारोह में कंपनी के सीएमडी श्री सतीश कुमार अग्रवाल के साथ डायरेक्टर्स श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल ने शिरकत की।

सीएमडी श्री सतीश कुमार अग्रवाल ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुये उन्हें पेंट डिविजन के विस्तार और सभावनाओं के बारे में अपनी सोच से अवगत कराया। उन्होंने सिर्फ 6 साल में पेंट उद्योग में छठे स्थान तक पहुँच जाने की सफलता के लिये पूरी टीम को बधाई दिया। टीम को प्रोत्साहित करते हुये श्री सतीश कुमार अग्रवाल ने कहा, ''अब तक मिली सफलता आप सब के सम्मिलित प्रयास का परिणाम है। अब आने वाले वर्ष 2014–15 में 300 करोड़ रूपये के नये लक्ष्य को पाने के लिये भी आपको मिलकर पूरा जोर लगाना है।''

कंपनी के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल ने समूचे पेंट्स मार्केटिंग टीम को पिछले वर्ष की सफलता पर बधाई देते हुये कहा, ''मुझे इस बात को कहते हुये गर्व हो रहा है कि आज पेंट डिविजन भी कामधेनु स्टील के साथ कंधे से कंधा मिलाकर शान से खड़ा है।'' कंपनी के डायरेक्टर श्री सौरभ अग्रवाल ने सभी को भरोसा दिलाया कि इस लक्ष्य को पाने के लिये मैनेजमेंट प्रत्येक व्यक्ति को हर तरह की सहायता देगी। श्री राजकुमार श्रीवास्तव, नेशनल मार्केटिंग हेड–पेंट, श्री विजय किशोर अस्थाना, डीजीएम सेल्स एवं श्री पुनीत चौधरी, डीजीएम सेल्स ने भी सेल्स टीम को निर्धारित लक्ष्य पाने के लिये प्रेरित किया।

बाकी पेज 4 पर

TATA
CONSULTANCY SERVICES

# टीसीएस की नई छलांग

दुनिया के टॉप ग्लोबल आई टी सर्विसेज कंपनियों की सूची में वर्ष 2012 में 13वें स्थान पर रही टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पिछले वर्ष 2013 की सूची में 10वें स्थान पर पहुँच गई है। टीसीएस की यह बढ़त भारतीय टेक्नॉलजी इंडस्ट्री की नयी ऊँचाइयों का प्रतीक है। टीएससी के टॉप टेन में आने से पिछली सूची में दसवें स्थान पर रही मॉन्ट्रियल, कनाडा स्थित आईटी सर्विसेज फर्म सीजीआई रैंकिंग में नीचे खिसक आई है।

टीसीएस के आईटी सर्विसेज का रेवेन्यू लगभग 10.1 अरब डालर है जो कि इसके कुल वर्तमान रेवेन्यू 12.5 अरब डालर का बड़ा हिस्सा है। जबकि इस लिस्ट में प्रथम रहे आईबीएम का रेवेन्यू 54.4 अरब डालर है। आने वाले समय में टीसीएस की रैंकिंग में और सुधार हो सकता है। इस लिस्ट में भारतीय कंपनियों कॉग्निजेंट, इंफोसिस, विप्रो और एचसीएल क्रमशः 15वें, 18वें, 19वें और 20वें स्थन पर हैं।


# नेवी चीफ की अफसरों को सीख



नेवी चीफ एडमिरल आर के धोवन ने आला अधिकारियों को आगाह किया है कि वे पूरी जवाबदेही से ड्यूटी निभायें और मातहत अधिकारियों और जवानों के साथ समुचित तालमेल से काम करें। एडमिरल धोवन ने कहा कि ''हम सभी नौसेना के लिये सामूहिक तौर पर काम कर रहे हैं, इसलिए सब को साथ लेकर चलना होगा। हम सभी को टीम की तरह काम करना है। जो भी नया काम शुरू होता है उसकी प्रगमि पर नज़र रखें ओर उसे असरदार तरीक़े से लागू करें।''

हाल में नौसेना के कई पोतों में हुए दर्दनाक हादसों के बाद नौसेना प्रमुख का दायित्व सॅभालने वाले एडमिरल धोवन ने अफसरों और नाविकों की साझा बैठक में कहा कि नौसेना के संसाधनों के रखरखाव के प्रति हम पूरी सावधानी बरतें। आला अधिकारियों को संबोधित करते हुये एडमिरल धोवन ने कहा कि नौसेना के कमांड में पूरा भरोसा पैदा करें और जहाँ भी किसी को कुछ ग़लत होता लग रहा है, उसे ग़लत कहने की हिम्मत दिखायें। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि कोई नया सुझाव जूनियर अधिकारियों या नाविकों की तरफ से भी आता है तो उस पर गौर किया जाये।

# ओपीडी खर्च घटाने का कारगर उपाय है हेल्थ कार्ड




उपभोक्ताओं की आमतौर पर शिकायत होती है कि हेल्थ इंश्योरेंस प्लान के तहत ओपीडी में ईलाज या दाँत का उपचार, डॉक्टर से कंशल्टेशन, डायग्नोस्टिक टेस्ट, दवाओं का खर्च आदि आमतौर पर कवर नहीं किये जाते हैं। ओपीडी बेनिफिट देने के लिये बीमा कंपनियाँ 20 हजार रू0 तक अतिरिक्त प्रिमियम चार्ज करती हैं जबकि मिलने वाला लाभ इससे कम का ही होता है।

ऐसे में हेल्थ कार्ड अच्छा समाधान हो सकते हैं। हेल्थ कार्ड या डिस्काउंट कार्ड स्पेशल स्कीम हैं जिनसे मेडिकल, हेल्थ और दवाओं के खर्च पर बचत होती है। मासिक या सालाना फीस वाले हेल्थ कार्ड सभी हेल्थकेयर खर्च को कवर करते हैं। इसमें कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट भी शामिल है। हाई रिस्क लोगों या जिन्हें पहले से कोई बीमारी है या सीनियर सीटिजन या जिन्हें बीमा कंपनियों ने हेल्थ पॉलिसी के लिये मना कर दिया है उनके लिये हेल्थ कार्ड बहुत ही मददगार है। पर यहाँ यह भी समझना जरूरी है कि ये हेल्थ कार्ड हॉस्पीटलाइजेशन कवर के विकल्प नहीं हैं।

कुछ हॉस्पीटल चेन लॉयल्टी प्रोग्राम के तहत छूट देते हैं पर उनमें ऑप्शंस कम हो जाते है, वहीं इंडिपेंडेंट कंपनी के हेल्थकार्ड की बदौलत मनचाही जगह पर ईलाज़ कराया जा सकता है। ऐसी कंपनियाँ कई अस्पतालों, नर्सिंग होम, इंडिविजुअल डाक्टर्स, फार्मेसी चेन, पैथोलॉजी लैब्स और डायग्नोस्टिक सेंटर से टाइअप करती हैं।




# कोलकाता में कामधेनु ने रखा लक्ष्य



देश की अग्रणी निर्माण क्षेत्र की कंपनी, कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने कोलकाता में चैनल पार्टनर मीट का आयोजन किया। कंपनी द्वारा भविष्य के लक्ष्य और इरादे साझा करने के उद्देश्य से आयोजित इस मीट का नाम बेहद सटीकता से ''लक्ष्य'' रखा गया था, जो कि कामधेनु और पश्चिम बंगाल के सभी डीलर्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ सीधे संवाद का एक महत्वपूर्ण जरिया बना।

12 अप्रैल को होटल बेस्ट वेस्टिन वैदिक विपेज स्पा रिसोर्ट, कोलकाता में आयोजित इस मीट में करीब 450 डीलर उपस्थित हुये। कामधेनु इस्पात लि0 के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल के अलावा पश्चिम बंगाल में लाइसेंस यूजर एग्रीमेंट के तहत कामधेनु टीएमटी की निर्माता कंपनी अलकनंदा स्पौन्ज आयरन लि0 के निदेशक श्री आनंद सरौगी व श्री विशाल सरौगी के साथ श्री मुकेश भारूका ने भी कार्यकम में शिरकत की। कामधेनु इस्पात लि0 के सीनियर जीएम श्री एस बी शर्मा और जीएम श्री वी के श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कामधेनु इस्पात लि0 के डायरेक्टर श्री सुनील



अग्रवाल ने उपस्थित डीलरों को संबोधित करते हुये कहा, ''कामधेनु इस्पात लिमिटेड राज्य में लगातार अपना विस्तार कर रही है। राज्य के कोने कोने में कंपनी की पहुँच है। हाल के दिनों में कामधेनु SS 10000 समेत कई नए उत्पाद पेश किए गए हैं। बेहतरीन गुणवत्ता की वजह से कंपनी के उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कंपनी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की पूरी कोशिश कर रही है। पश्चिम बंगाल में कंपनी की योजना अपने उत्पादन स्तर को सालाना 10000 टन तक पहुँचाने की है।''

पश्चिम बंगाल में लाइसेंस यूजर एग्रीमेंट के तहत कामधेनु टीएमटी की निर्माता कंपनी अलकनंदा स्पौन्ज आयरन लि0 के निदेशक श्री आनंद सरौगी ने बताया कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र में देश की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड के साथ अलकनंदा स्पोंज आयरन लिमिटेड की साझेदारी के 5 साल पूरे हो गए हैं। उनहोने कहा, ''पिछले पॉच वर्षों के दौरान हमने मिलकर कड़ी मेहनत की है। हमारी कड़ी मेहनत की बदौलत कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज पश्चिम बंगाल और झारखंड का नंबर वन ब्रैंड बन गया है। अपनी बादशाहत को कायम रखने के लिए हमें लगातार कड़ी मेहनत करते रहना है।''

वहीं अलकनंदा स्पौन्ज आयरन लि0 के निदेशक श्री विशाल सरौगी ने डीलरों को बेहतर और असरदार कार्यप्रणाली का भरोसा दिलाते हुये कहा कि, ''आने वाले समय में हम अपने प्रोडक्शन और मार्केटिंग विंग को रियल टाईम इंटरफेस से जोड़ना चाहते हैं। हमारी कोशिश है कि आप सब को हर तरह की सहूलियत हम दें ताकि आप और भी तेज़ गति से सफलता के नए नए कीर्तिमान पा सकें।''

कामधेनु इस्पात लि0 के जीएम श्री वी के श्रीवास्तव ने उपस्थित डीलरों को संबोधित करते हुये कहा, ''कंपनी पश्चिम बंगाल और झारखंड सहित पूरे देश में अपना डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क लगातार मज़बूत कर रही है। कंपनी राज्य के दूर दराज के इलाकों में भी अपने डीलर बना रही है। कंपनी का लक्ष्य है कि राज्य के हर हिस्से में कामधेनु के सभी उत्पादों की पहुँच सुनिश्चित



हो। कामधेनु ने डीलरों के हितों के लिए इंडस्ट्री की सबसे बेहतरीन नीतियाँ बनाई है।''

**सर्वश्रेष्ठ डीलर का पुरस्कार**

पश्चिम बंगाल के लिये सर्वश्रेष्ठ डीलर का पुरस्कार मेसर्स सिफा बिल्डर्स के श्री अतिकुर रहमान को एवं झारखंड के लिये सर्वश्रेश्ठ डीलर का पुरस्कार मेसर्स काव्या इंटरप्राइजेज के श्री मो0 मेहताब विश्वास को दिया गया।



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.04.2014



पेज 1 का शेष

कार्यक्रम के दौरान टॉप एचिवर्स को पुरस्कृत किया गया। देश भर में सर्वाधिक बिक्री वाले डीलरों में पहले स्थान पर मेसर्स नंदा बिल्डर्स, जम्मू तथा दूसरे स्थान पर मेसर्स अनिल छाबड़ा, हनुमानगढ़ रहे। सर्वाधिक बिक्री वाले सेल्स डिपो में पहला स्थान जम्मू, दूसरा स्थान गाज़ियाबाद और तीसरा स्थान संयुक्त रूप से वाराणसी व परवाणू डिपो को मिला। सर्वाधिक बिक्री के लिये देश भर में टॉप परफार्म करने वालों में सबसे आगे रहे मयंक मांगलिक, हलद्वानी, वहीं अजय कुमार शर्मा, हनुमानगढ़ दूसरे स्थान पर रहे। परमात्मा सरन, गाज़ियाबाद, विवेक जायसवाल, वाराणसी एवं दीपांकर शर्मा गाज़ियाबाद क्रमशः तीसरे, चौथे व पॉचवें स्थान पर आये।





# हिमाचल के कामधेनु पेंट्स डीलरों को पुरस्कार

सजावटी पेंट संग्मेंट में देश की सबसे तेजी से बढ़ रही कंपनी कामधेनु पेंट्स की मॉग भारत के हर राज्य में बढ़ती जा रही है। हिमालय की गोद में बसे खूबसूरत हिमाचल प्रदेश में कामधेनु पेंट्स के उत्पाद बहुत पसंद किये जा रहे हैं। हिमाचल के डीलरों की सफलता को सराहने और भविष्य की कार्ययोजना बनाने के उद्देश्य से राज्य भर के सभी पेंट डीलरों की मीट का आयोजन किया गया।

5 और 6 अप्रैल 2014 को तरीकाज जंगल रीट्रीट, छैल में आयोजित दो दिनों के इस खास डीलर मीट में राज्य के सभी हिस्सों से करीब 100 डीलर शामिल हुये। कंपनी की ओर से श्री विजय किशोर अस्थाना, डीजीएम सेल्स तथा श्री निहाल राप्ता, डीएसएम कार्यक्रम में उपस्थित हुये। श्री विजय किशोर अस्थाना ने सभी डीलरों को कंपनी की ओर से उनके सहयोग के लिये धन्यवाद दिया और कहा, "आज कामधेनु पेंट देश की टॉप 6 सजावटी पेंट संग्मेंट कंपनियों में शामिल है।"






इस कार्यक्रम के दौरान सभी डीलरों को उनकी सफलता के लिये उपहार दिये गये। सर्वश्रेष्ठ सेल्स के लिये डीलरों को पुरस्कार भी दिया गया। वर्ष 2013–14 में हिमाचल प्रदेश में सर्वाधिक बिक्री के लिये पहला पुरस्कार मेसर्स गणेश ट्रेडर्स, परवाणू ने प्राप्त किया। वहीं मेसर्स कुलदीप कुमार एंड कंपनी, बरमाना तथा मेसर्स अमित आयरन स्टोर, नूपुर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री विजय बागरिया
**मैसर्स विजय इंटरप्राईजेज**
बांगॉव रोड, सहरसा,
बिहार
मो. – 09431243064

श्री कुलदीप सिंह
**मैसर्स किसान भलाई केन्द्र**
हाजीपुर रोड, दसूया
जिला – होशियारपुर
मो. – 01883 500368, 09815648417

श्री सुरेन्द्र सलूजा
**मैसर्स सलूजा स्टील**
बसना,
छत्तीसगढ़
मो. – 07746004582

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092